हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

यूटीयू के कुलपति ने किया शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण

कॉलेजों में खाली मिलीं कक्षाएं, दो को नोटिस

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि यानी यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बुधवार को विवि संबद्ध कॉलेजों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कुछ कॉलेजों में कक्षाएं खाली मिली। ऐसे दो कॉलेजों को नोटिस देकर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

वीसी ने बताया कि लिब्रा कॉलेज ऑफ लॉ, किंगस्टन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बीहाईव कॉलेज ऑफ इंजीनिरिंग और गुरुनानक कॉलेज ऑफ फार्मेसी का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान लिब्रा कॉलेज ऑफ लॉ में अब तक कक्षाए शुरू न होने पर कुलपति ने नाराजगी जताई। वहीं बीहाईव कॉलेज में एमबीए और बीटेक की कक्षाओं में एक भी छात्र उपस्थित नहीं मिला। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए दोनों को नोटिस भेजे हैं। दो दिन में उनको उसका जवाब देना होगा। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति ने इन संस्थानों के साथ-साथ समस्त पाठ्यक्रमों में संबद्ध निजी संस्थानों, राजकीय संस्थानों व विश्वविद्यालय के परिसर संस्थानों को भी स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि शैक्षणिक वातावरण किसी भी तरह से खराब नहीं होने दिया जाएगा। कुलपति ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर शैक्षणिक माहौल खराब व प्रभावित होता है तो विश्वविद्यालय इन कॉलेजों की संबद्धता भी निरस्त कर सकता है।

यूटीयू के कुलपति ने बुधवार को गुरुनानक कॉलेज ऑफ फार्मेसी का निरीक्षण किया।